PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम ऐ जगत

पैग़ाम-ऐ-जगत की ओर से सभी देशवासियों को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | रविवार, 8 नवंबर, 2026, साल-2, अंक-103, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

Kharar Diwali Suppliment 2026

A.P.J.SMART SCHOOL

(A purely English Medium Educational Institution)
Ward No. 16, Sector 4, Mundi Kharar - 140301. Phone : 9878961498, 8427861498
Email : apjsmartschool@gmail.com
(Affiliated to CBSE)



Jasvir Chander
















LAUDABLE ACHIEVEMENTS OF THE SCHOOL

1. Drafted Recommendation by Smriti Zubin Irani, the Minister Human Resource Development, Govt of India for the Academic Excellence in CBSE results
2. Certificate of Recognition issued by Govt of India, Ministry, youth affairs & sports as a Fit India School.
3. The ALUMINI of this institute are successfully commissioned in Future as IAS, CAs, Doctor, Engineers etc...
4. Young Sportsman of APJ excel in the field of Sports & Games such as selection in RANJI TROPHY.
5. Bundles of Laurels are Brought by Students, make APJ number one in sports, academics, cleanliness, atmosphere, strength Discipline , English speaking , advanced Technology, highly qualified faculty & possessing high standard of education.
6. 100% Result in Board Exams.
7. Provides Meritorious & Competent student of the society. These Student later get admission to reputed national & inter- National Institutions.





ਮੈਂ ਧਨਵਾਦ ਕਰਦੀ ਹਾਂ ਉਨਾ ਦਾਨੀ ਸੱਜਣਾ ਦਾ ਜਿਹਨਾ ਨੇ ਮੇਰਾ ਇਸ ਸੱਪਲੀਮੈਂਟ ਵਿੱਚ ਕੱਡਣ ਦਾ ਸਾਥ ਦਿੱਤਾ ਤੇ ਆਸ ਕਰਦੀ ਹਾਂ ਅੱਗੇ ਵੀ ਦਿੰਦੇ ਆਵੋਗੇ।
ਦਵਿੰਦਰ ਕੌਰ
ਪੱਤਰਕਾਰ (ਖਰੜ)
8054776810
9915246110





Ravinder Singh Khera
Halka Incharge Kharar
Shromani Akali Dal Punjab









98782-10750
62808-03008

Chacha Dhaba
- Veg & Non Veg-

ਸਾਡੇ ਵੱਲੋਂ ਬੰਦੀ ਛੋਡ ਦਿਵਸ
ਅਤੇ ਦੀਵਾਲੀ
ਦੀਆਂ ਲੱਖ ਲੱਖ ਵਧਾਈਆਂ

Booth No - 8 Gilco Valley
Mohali. Punjab



Pratham Dhall- 80029-80079



ਸ. ਰਣਜੀਤ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ ਸੂਬਾ ਮੀਤ ਪ੍ਰਧਾਨ, ਪੰਜਾਬ





ਪਰਮਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਸੋਨਾ ਤੋਲੇ ਮਾਜਰਾ ਸੀਨੀਅਰ ਕਾਂਗਰਸੀ ਆਗੂ ਹਲਕਾ ਖਰੜ

Khushwant Rai Gigga
Halka kharar
Protocol sectretary punjab bjp

Rakesh Kumar Gupta President
BJP Mandal City Kharar


Nirmal Singh

Gem Gas Sarvice
kharar



Dr. Baljit Saneta
District President
(Medical Practitioners Association Punjab)









PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

पैग़ाम-ऐ-जगत की ओर से सभी देशवासियों को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | रविवार, 8 नवंबर, 2026, साल-2, अंक-103, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

ਦੀਵਾਲੀ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਅੰਕ · DIWALI SUPPLEMENT

PAIGAM-E-JAGAT

ਅਦਾਰਾ ਪੈ਼ਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ

ਸ਼ੁਭ ਦੀਪਾਵਲੀ
NOVEMBER 2026

ਰੌਸ਼ਨੀ ਅਤੇ ਖੁਸ਼ਹਾਲੀ ਦਾ ਪ੍ਰਤੀਕ: ਦੀਵਾਲੀ ਦਾ ਤਿਉਹਾਰ

ਅੱਜ ਸਮੁੱਚੇ ਭਾਰਤ ਅਤੇ ਵਿਦੇਸ਼ਾਂ ਵਿਚ ਦੂਰ-ਦੁਰਾਡੇ ਵਸਦੇ ਭਾਰਤੀਆਂ ਲਈ ਖੁਸ਼ੀਆਂ ਖੇੜੇ ਮਨਾਉਣ ਦਾ ਦਿਨ, ਦੀਵਾਲੀ ਦਾ ਪਵਿੱਤਰ ਤਿਉਹਾਰ ਹੈ। ਇਹ ਤਿਉਹਾਰ ਹਨੇਰੇ ਉਪਰ ਰੌਸ਼ਨੀ, ਅਗਿਆਨਤਾ ਉਪਰ ਗਿਆਨ ਤੇ ਬਦੀ ਉਪਰ ਨੇਕੀ ਦੀ ਜਿੱਤ ਦਾ ਪ੍ਰਤੀਕ ਹੈ। ਆਉ ਸਾਰੇ ਰਲ ਕੇ ਸਮਾਜ ਵਿਚ ਫੈਲੀਆਂ ਕੁਰੀਤੀਆਂ, ਅਗਿਆਨਤਾ ਤੇ ਬੁਰਾਈਆਂ ਨੂੰ ਦੂਰ ਭਜਾਈਏ। ਇਸ ਪਵਿੱਤਰ ਤਿਉਹਾਰ ਨੂੰ ਸ਼ਾਂਤੀ, ਖੁਸ਼ੀ ਤੇ ਪਿਆਰ ਨਾਲ ਮਨਾਈਏ।

ਅਦਾਰਾ "ਪੈ਼ਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ" ਵਲੋਂ ਸਾਰੇ ਪਾਠਕਾਂ ਤੇ ਦੇਸ਼ਵਾਸੀਆਂ ਨੂੰ ਇਸ ਸ਼ੁਭ ਦਿਨ ਦੀਆਂ ਦਿਲੋਂ ਵਧਾਈਆਂ!!


— ਅਦਾਰਾ ਪੈ਼ਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ ਦੀ ਸਮੂਹ ਟੀਮ

ਅਸ਼ੀਰਵਾਦ
WITH THE BLESSINGS OF


Sh. Jagat Ram


Sh. Ram Parkash

ਪ੍ਰਬੰਧਕੀ ਟੀਮ
MANAGEMENT


Surinder Pal Jhall


Davinder Kumar

ਸਾਡੀ ਸਹਿਯੋਗੀ ਟੀਮ · Our Team


Joginder Pal


Lakhwinder Kumar


Paramjit S Parwana


Dr Daljit Ajnoha



Hari Krishan


Gurjit Singh Billa


Davinder Kaur



Rajinder Kumar


Rajneesh Luthra


Rakesh Sharma


Ashutosh Sharma


Chandan Sharma


Desraj Bali


Jaspreet Singh


Parveen Walia


Gurbaksh Mahe

Happy Diwali ◆ **ਦੀਵਾਲੀ ਦੀਆਂ ਲੱਖ-ਲੱਖ ਵਧਾਈਆਂ** ◆ *Paigam-E-Jagat*

PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

पैग़ाम-ऐ-जगत की ओर से सभी देशवासियों को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | ਐਤਵਾਰ, 8 ਨਵੰਬਰ 2026, ਸਾਲ-4, ਅੰਕ-14, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, ਮੁੱਖ ਸੰਪਾਦਕ : ਦਵਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ, ਸੰਪਰਕ-9878862733, 9872340701

आई.ए.एफ. आई.एल.-76 लैंडिंग

चीन सीमा के निकट लद्दाख के न्योमा में उतरा वायुसेना का आईएल-76, बनाया विश्व रिकॉर्ड

- एलएसी से महज 40 किलोमीटर दूर है न्योमा
- 45 टन तक भार ले जाने में सक्षम है आईएल-76

चंडीगढ़, 7 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारतीय वायुसेना ने सामरिक क्षमता के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वायुसेना के भारी परिवहन विमान आई.एल-76एमडी ने चीन सीमा के निकट पूर्वी लद्दाख के न्योमा एयरफील्ड पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की है। इसके साथ ही इस विमान ने दुनिया में अब तक की सबसे अधिक ऊंचाई पर उतरने का रिकॉर्ड बनाया है। वायुसेना ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

वायुसेना ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह उपलब्धि विमान की लंबे समय से साबित होती आ रही क्षमता के साथ उसके चालक दल के असाधारण कौशल, सटीकता और पेशेवर दक्षता का उल्लेखनीय प्रदर्शन है। वायुसेना के अनुसार, यह उपलब्धि भारत की सामरिक एयरलिफ्ट क्षमता को और मजबूत करती है। न्योमा दक्षिणी लद्दाख में स्थित एक नया एयरफील्ड है, जो



वास्तविक नियंत्रण रेखा से करीब 40 किलोमीटर दूर है। यह एयरफील्ड पिछले साल बनकर तैयार हुआ था। यहां करीब तीन किलोमीटर लंबा कंक्रीट रनवे है, जिसका निर्माण सीमा सड़क संगठन के प्रोजेक्ट हिमांक ने किया है। इसे बेहद कम तापमान और कठिन मौसमी परिस्थितियों में भी संचालन के अनुकूल बनाया गया है। यहां तापमान शून्य से 40 डिग्री सेल्सियस नीचे तक पहुंच जाता है।

न्योमा समुद्र तल से करीब 13,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। पहले यहां चिकित्सा सुविधाओं और सामरिक परिवहन के लिए इस्तेमाल होने वाले छोटे विमानों तथा हेलीकॉप्टरों का संचालन होता था। अब इसे ऐसे पूर्ण विकसित एयरबेस के रूप में तैयार किया गया है, जहां लड़ाकू विमान भी संचालित किए जा सकते हैं। आईएल-76 विमान को 1980 के दशक के मध्य में भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था।

(शेष पेज 2 पर)

मान सरकार की ओर से कंप्यूटर शिक्षकों को दिवाली का तोहफा

महंगाई भत्ते में 40% की ऐतिहासिक बढ़ोतरी

चंडीगढ़, 7 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

कर्मचारियों के हित में एक बड़ा कदम उठाते हुए, भगवंत मान सरकार ने 6,507 कंप्यूटर शिक्षकों के लिए महंगाई भत्ते में 40 प्रतिशत की ऐतिहासिक बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। इसके अलावा, 'समग्र शिक्षा' योजना के तहत काम कर रहे 1,007 गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित कर दिया गया है। सरकार ने इसे कर्मचारियों के लिए दिवाली का तोहफा बताया है। इस संबंध में, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'दिवाली के शुभ अवसर पर, पंजाब सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए बड़े लाभों की घोषणा की है। सरकार ने 6,507 कंप्यूटर शिक्षकों के लिए महंगाई भत्ते में 40 प्रतिशत की



ऐतिहासिक बढ़ोतरी को मंजूरी दी है, जिससे यह 181 प्रतिशत से बढ़कर 221 प्रतिशत हो गया है।' मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने 'समग्र शिक्षा' योजना के तहत काम कर रहे 1,007 गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित कर दिया है। इस फैसले से इन कर्मचारियों को बेहतर नौकरी सुरक्षा मिलेगी।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इन कर्मचारियों को वेतन से जुड़े लाभ देने का भी फैसला किया है। सरकार अपने कर्मचारियों के कल्याण और उनके सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। सरकार उन्हें एक सुरक्षित भविष्य देने और यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है कि उन्हें वे सभी लाभ मिलें, जिनके वे हकदार हैं। दिवाली के शुभ अवसर पर बधाई देते हुए, मुख्यमंत्री ने कामना की कि रोशनी का यह त्योहार पंजाब के हर घर में समृद्धि और तरक्की लेकर आए।

कान्हा की नगरी में दीपों का उत्सव

2100 स्वदेशी ड्रोनों ने रोशन किया आसमान

- अयोध्या : ड्रोन शो के जरिए जीवंत हो उठी अयोध्या की पूरी कहानी

अयोध्या, 7 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

दीपोत्सव 2026 में शनिवार को रामनगरी का आकाश रामायण के प्रसंगों से सजा नजर आया। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित ड्रोन शो में 2,100 स्वदेशी ड्रोन ने रोशनी और रंगों के जरिए प्रभु श्रीराम की वीर मुद्रा, रावण वध और पुष्पक विमान की आकृतियां बनाकर रामकथा को जीवंत किया।

लक्ष्मण और हनुमान की वीर मुद्रा के साथ राम दरबार तथा



श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की भव्य छवि भी आकाश में उभरी। रामकथा को पीढ़ियों तक पहुंचाने वाले महर्षि वाल्मीकि और गोस्वामी तुलसीदास की आकृतियां भी प्रस्तुति का हिस्सा रहीं।

संगीत और कथावाचन के साथ बदलती आकृतियों ने दर्शकों को रामायण के विभिन्न प्रसंगों से जोड़ा। नीचे राम की पैड़ी के घाटों पर 30 लाख से अधिक दीयों की आभा और ऊपर आकाश में रामकथा के दृश्यों ने दीपोत्सव की संध्या को खास बनाया। गुजरात से आए पर्यटक प्रखर अग्रवाल ने कहा, जगमगाते घाटों के ऊपर आकाश में प्रभु श्रीराम, पुष्पक विमान और

(शेष पेज 2 पर)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को दीवाली की शुभकामनाएं दीं

चंडीगढ़, 7 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दीवाली के त्योहार के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर अपने आधिकारिक अकाउंट के जरिए एक वीडियो साझा करके दीवाली की बधाई दी। वीडियो के साथ, मोदी ने संदेश लिखा: 'आप सभी को दीवाली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं!' अपने संदेश में, प्रधानमंत्री ने दीवाली को अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और निराशा पर आशा की जीत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार भारत



की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और विरासत को दर्शाता है। यह अवसर लोगों को आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता के बंधन को मजबूत करने की प्रेरणा भी देता है।

प्रधानमंत्री ने कामना की कि दीवाली का त्योहार हर घर में खुशियां, शांति और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने

(शेष पेज 2 पर)



मानसा में दर्दनाक हादसा

ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन युवकों की मौत



मानसा, 7 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब के मानसा जिले के सरदुलगढ़ उप-मंडल में स्थित जोरकियां गांव में, एक मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर की भीषण टक्कर में उस पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अमृतपाल सिंह (25), हरभजन सिंह (25) और बलविंदर सिंह 'बोघा' (30) के रूप में हुई है-ये सभी जोरकियां गांव के ही रहने वाले थे। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव में मातम फैला दिया है, जिससे दिवाली की खुशियां गहरे दुख में बदल गई हैं। गांव के सरपंच गुरप्रीत सिंह

(शेष पेज 2 पर)

लॉरेंस बिश्नोई गैंग का करीबी हैरी बॉक्सर कैलिफोर्निया में गिरफ्तार

नयी दिल्ली, 7 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सक्रिय सदस्य और हरियाणा के मोस्ट वांटेड गैंगस्टर हैरी बॉक्सर को अमेरिका में हिरासत में लिया गया है। उसका असली नाम हरिचंद जाट बताया गया है। सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने उसे कैलिफोर्निया में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) से मिले इनपुट के आधार पर हिरासत में लिया।

सूत्रों के मुताबिक, हैरी बॉक्सर विदेश में रहकर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रंगदारी नेटवर्क को



संचालित करने में अहम भूमिका निभा रहा था। वह राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर क्षेत्र का रहने वाला है। जयपुर में बॉक्सिंग सीखने के कारण उसे 'बॉक्सर' नाम मिला। अपराध की दुनिया में आने से पहले वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता था और बॉक्सिंग कोच के तौर पर भी काम कर चुका है। उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट, फायरिंग और कारोबारियों को रंगदारी के लिए धमकाने समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में सामने आए कई मामलों में उसका नाम जुड़ चुका है। हैरी बॉक्सर का नाम कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर हुई फायरिंग के मामले में भी सामने आया था। इसके अलावा उस पर फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी, अभिनेता रणवीर सिंह और तुषार कपूर को धमकियां देने के आरोप हैं। सूत्रों के अनुसार, उसने रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी लेने का दावा भी किया था। इसके बाद सोशल मीडिया पोस्ट और ऑडियो संदेशों के जरिए बॉलीवुड हस्तियों को धमकियां दी गई थीं।

(शेष पेज 2 पर)

फरीदाबाद में सनसनीखेज वारदात

पूर्व टेक महिंद्रा अधिकारी की 9 गोलियां मारकर हत्या

- कुत्ते और गाड़ी की पार्किंग को लेकर हुई थी लड़ाई

चंडीगढ़, 7 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

सिंगापुर में रहने वाले टेक महिंद्रा के एक पूर्व सीनियर एग्जीक्यूटिव, जो परिवार में एक शादी में शामिल होने के लिए दो दिन पहले ही भारत लौटे थे, शुक्रवार रात फरीदाबाद में अपने घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि पार्किंग और पालतू कुत्ते को लेकर हुए विवाद के बाद उनके एक पड़ोसी ने उन पर गोलियां चलाईं।

पुलिस के अनुसार, कंपनी के पूर्व एशिया हेड परमजीत धनखड़ पर सेक्टर 21सी में उनके पड़ोसी मोनू शर्मा ने लाइसेंसी पिस्तौल से



करीब 15 राउंड फायरिंग की। धनखड़ को 9 गोलियां लगीं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनों परिवारों के बीच गाड़ी की पार्किंग और पड़ोसी के कुत्ते द्वारा पार्किंग एरिया में गंदगी करने को लेकर पहले से विवाद चल रहा था।

शुक्रवार रात, जब धनखड़ जिम से लौटे, तो उन्होंने देखा कि मोनू की गाड़ी उनकी तय

(शेष पेज 2 पर)

'ई-20 बन गया 420-जनता की गाड़ियों से पेट्रोल की चोरी' : राहुल

- कर्नाटक में लैब टेस्ट के दौरान पेट्रोल में 31% से ज्यादा इथेनॉल होने का दावा

नई दिल्ली, 7 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शनिवार को ई-20 पेट्रोल की सप्लाई को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा। कर्नाटक सरकार द्वारा लिए गए पेट्रोल के नमूनों की जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए, उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह तुरंत स्पष्ट करे कि देश भर में बेचे जा रहे ईंधन में असल में कितना इथेनॉल है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने हिंदी में लिखा, 'ई-20 बन गया 420 -




जनता की गाड़ियों से पेट्रोल की चोरी!' यहाँ उनका इशारा भारतीय दंड संहिता की धारा 420 की ओर था, जो धोखाधड़ी से जुड़ी है।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार भले ही पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने का दावा करती है, लेकिन कर्नाटक के सात जिलों से लिए गए नमूनों की जांच से पता चला है कि इसमें इथेनॉल की मात्रा तय सीमा से कहीं ज़्यादा है। उन्होंने कहा, 'एक मान्यता प्राप्त लैब में हुई जांच के

(शेष पेज 2 पर)







जांगलिआणा के विकास के लिए 10.71 करोड़ रुपये की ग्रांट जारी, कई काम पूरे हुए और कई पर काम चल रहा है : डॉ. इशांक कुमार

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

गांवों को बेहतर रोड कनेक्टिविटी और मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं से जोड़ना पंजाब सरकार की प्राथमिकताओं में से है और मैं अपने इलाके में बेहतर सड़कें बनाने के लिए काम कर रहा हूं, ये विचार हैं विधायक चब्बेवाल डॉ. इशांक कुमार के।

इसी दिशा में, भाम से जांगलिआणा, मोतियां और मक्खनगढ़ होते हुए बाहोवाल तक बन रही 18 फीट चौड़ी कंक्रीट (ष्ट्ट) सड़क का उद्घाटन विधायक डॉ. इशांक कुमार ने गांव जांगलिआणा में किया। इस 10.5 किलोमीटर लंबी, 18 फीट चौड़ी कंक्रीट सड़क पर करीब 8 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इस सड़क के बनने से इलाके के कई गांवों के लोगों को आने-जाने में काफी सुविधा होगी और आपसी कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। इस मौके पर बोलते हुए डॉ. इशांक कुमार ने कहा कि गांवों में सड़कें, सीवरेज, गलियां और दूसरी बुनियादी सुविधाएं बनाना उनकी

- जांगलिआणा में 8 करोड़ रुपये की लागत से भाम-जांगलिआणा-बाहोवाल तक 18 फीट चौड़ी, 10.5 km लंबी सड़क का उद्घाटन



मुख्य प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़कें सिर्फ आने-जाने का साधन नहीं हैं, बल्कि ये गांवों की तरक्की, व्यापार और लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी को भी आसान बनाती हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हलके के हर गांव की ज़रूरतों के हिसाब से विकास के काम करने की कोशिश जारी रहेगी।

विधायक ने कहा कि इस सड़क के अलावा जांगलिआणा को आस-पास के गांवों से जोड़ने वाली कई और सड़कों का काम भी हुआ है। गोंदपुर से जांगलिआणा तक 2.38 किलोमीटर सड़क पर 46.27 लाख रुपये, सरहाला कलां से जांगलिआणा तक 1.50 किलोमीटर सड़क पर 38.60 लाख रुपये, जांगलिआणा में फिरनी के 1 किलोमीटर हिस्से पर 70.54 लाख रुपये और रसूलपुर से जांगलिआणा तक 600 मीटर सड़क पर 12.34 लाख रुपये खर्च करके काम पूरा किया गया है। जांगलिआणा से बालिम तक 1.85 किलोमीटर सड़क का काम भी चल रहा है, जो अभी पूरा होना बाकी है। इसके अलावा, भाम-जंगलियाना रोड से बाजीगर बस्ती तक सड़क का काम भी बाकी है, जिसके लिए 7.94 लाख रुपये की ग्रांट मंजूर हुई है।

सड़कों के साथ-साथ पंचायत को कई और विकास के कामों के लिए ग्रांट दी गई है। इनमें गंदे पानी की निकासी के लिए सीवरेज के काम के लिए 7.50 लाख रुपये, रविदास धर्मशाला बनाने के लिए 5 लाख रुपये, गलियों और नालियों के बनाने के लिए 15 लाख रुपये जारी किए गए हैं, जिनमें से आधे पूरे हो चुके हैं और बाकी बन रहे हैं। गांव के खेल के मैदान/स्टेडियम के लिए 5 लाख रुपये और जिम के लिए 2 लाख रुपये की ग्रांट मंजूर हुई है। इस मौके पर सरपंच मनजीत कौर, सतनाम सिंह, महिंदर सिंह, दर्शन सिंह, बलदेव सिंह, गुरदीप सिंह, लाहंबर सिंह पंच, कुलजीत सिंह पंच, ओंकार सिंह पंच, गांव ठक्करवाल के सरपंच जसविंदर सिंह, रसूलपुर के सरपंच अमरजीत सिंह, गोपालियां के सरपंच नरिंदर सिंह, मरुला के सरपंच बलबीर सिंह, सुभानपुर की सरपंच गुरदयाल कौर, मक्खनगढ़ की सरपंच कमलजीत कौर, भाम के सरपंच परविंदर सिंह, रौणकी राम,रणजीत कौर ब्लॉक समिति चेयरमैन, गोपी भाम, गोपालियां सरपंच सुरिंदर कौर, कुक्करन सरपंच कुलवरन सिंह,रणजीत समेत अन्य गणमान्य लोग व गांववासी मौजूद थे।

15 जनवरी तक पूरा होगा न्यू हरोली विकास पथ : मुकेश अग्निहोत्री

न्यू हरोली में लगभग 100 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं

ऊना, 7 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि रामपुर पुल से हरोली जल भवन तक बन रहे न्यू हरोली विकास पथ का काम 15 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। विकास पथ पर जल्द लाइटें लगाई जाएंगी, ताकि लोग रात में भी आसानी से पैदल चल सकें। सड़क को दोनों ओर चौड़ा करने के बाद पैदल चलने के लिए सुंदर रास्ता बनाया जाएगा। यहां फूड कोर्ट भी विकसित किया जाएगा। रामपुर पुल से जल भवन तक सड़क किनारे सौंदर्यीकरण पर 4 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री शुक्रवार देर शाम अधिकारियों के साथ रामपुर पुल पहुंचे और वहां चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने हैलीपोर्ट और सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की और काम पर संतोष जताया। उन्होंने अधिकारियों को



सभी परियोजनाओं में आपसी तालमेल रखते हुए काम समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि रोड़ा में न्यू हरोली की लगभग 100 करोड़ रुपये की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं या प्रस्तावित हैं। करीब 22 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक हैलीपोर्ट बनाया जा रहा है। स्थल समतलीकरण का काम पूरा हो चुका है और टर्मिनल भवन की नींव का काम जारी है। परियोजना को अप्रैल 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है। करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण भी प्रगति पर है।

न्यू हरोली में जिला एटीएस, पूर्व सैनिक भवन, न्यायालय परिसर, इंडोर स्टेडियम, मेला ग्राउंड और उद्योग तथा जल शक्ति विभाग के कार्यालय बनाने की भी योजना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यू हरोली को आधुनिक सुविधाओं और सुनियोजित विकास के साथ एक नए केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

कविता: आशय



दीपावली सोत्साह मनाएँ,
यूँ कि जग के तम मिटाएँ,
केवल दिखलावा ही करके,
औरों के दुःख नहीं बढ़ाएँ!
पहले उजियारा हो घर-घर,
तब तीर नदी और समन्दर,
पूजा-घर के देवों से पहले,
मानव को रौशनी दिखाएँ!
कोई घर अन्धेरा रहा जब -
फिर कैसे होगा दीपोत्सव?
सबका हो प्रवेश प्रकाश में,
ऐसी एक तो युक्ति बताए!
ऊँच-नीच का भाव रहे ना,
रोटी का तो अभाव रहे ना,
'सर्वे भवन्तु सुखीना:' का,
आह्वान हम भूल न जाएँ!
'तमसो मा ज्योतिर्गमय' का,
आह्वान करते हुए हृदय का,
रहे हमें आशय वह स्मरण,
उस आशय से दीप जलाएँ!

-अरुण कुमार पासवान
ग्रेटर नोएडा पश्चिम

डीसी ने 12 गाइड्स को प्रदान किए राज्यपाल पुरस्कार प्रमाणपत्र

- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 77वें स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ जिला स्तरीय सम्मान समारोह

ऊना, 7 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 77वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को उपायुक्त कार्यालय ऊना में जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल ने जिले की 12 गाइड्स को राज्यपाल पुरस्कार के प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उपायुक्त ने पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स आंदोलन युवाओं में नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रभक्ति और निस्वार्थ सेवा भाव विकसित



करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने गाइड्स को जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा समाज और देश के निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

समारोह में जिला मुख्य आयुक्त एवं उपनिदेशक उच्च शिक्षा अनिल कुमार, जिला सचिव पवन कुमार, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) सोनू कुमारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) मोनिका राणा, रेंजर कमिश्नर शिवानी देवी तथा गाइड कैप्टन पवन कुमारी पटियाल और रामदेई उपस्थित रहीं। अधिकारियों एवं गाइड कैप्टन्स ने भी पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

डीसी जतिन लाल ने परिवार सहित प्रवासी बच्चों संग मनाई दिवाली की खुशियां

ऊना, 7 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

उपायुक्त जतिन लाल शनिवार को परिवार सहित ईसपुर की शिक्षा सुधार समिति द्वारा नौण मंदिर परिसर में आयोजित दीपावली उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने समिति के गैर-आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों में पढ़ने वाले प्रवासी परिवारों के

- नौण मंदिर में प्रवासी बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां, शिक्षा सुधार समिति ने वितरित की पाठ्य सामग्री



बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर बच्चों ने गीतों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और आकर्षक रंगोलियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उपायुक्त के साथ उनकी माता कमलेश लाल, धर्मपत्नी डॉ. रेणु सहरावत और बेटा विहान भी मौजूद रहे।

बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए जतिन लाल ने कहा कि हर बच्चे में प्रतिभा होती है और उसे निखारने के लिए उचित अवसर व प्रोत्साहन मिलना जरूरी है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में सहायक होती हैं। इस दौरान उपायुक्त ने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई जारी रखने और जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित किया। बच्चों के साथ खुशियां बांटते हुए उपायुक्त जतिन लाल भी उनके डांस में शामिल हुए। उनकी इस सहभागिता से बच्चों का उत्साह और बढ़ गया। कार्यक्रम में उनके बेटे विहान ने बच्चों के साथ केक काटा और सभी बच्चों को केक वितरित किया।

समारोह में शिक्षा सुधार समिति की ओर से गैर-आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों के बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। समिति के संस्थापक ओपी डोगरा ने बच्चों की शिक्षा एवं प्रोत्साहन के लिए 1 लाख 25 हजार रुपये की राशि भेंट की। समिति के महासचिव सुच्चा सिंह कंग ने उपायुक्त एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि समिति जरूरतमंद और प्रवासी परिवारों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से गैर-आवासीय प्रशिक्षण केंद्र संचालित कर रही है। उन्होंने इस कार्य में समाज के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर सतीश शर्मा, मोहन सिंह जसवाल, सरवन कुमार खट्टा, अश्वनी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शिव कुमार, कैप्टन हरमेश, रामकृष्ण भट्टी, सुरेश कुमार और तारा सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

दीपावली पर बुजुर्गों के साथ खुशियों के पल बिताने पहुंचे उपायुक्त

- आश्रय पुरोधा केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों को दिए उपहार, स्वर्गीय सुरेश एरी के योगदान को किया याद



ऊना, 7 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

दीपावली का पर्व अपनों के साथ खुशियां बांटने का अवसर है। इसी भावना के साथ उपायुक्त जतिन लाल शनिवार को अपनी माता कमलेश लाल, पत्नी डॉ. रेणु सहरावत और बेटे विहान के साथ चरतगढ़ स्थित वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र 'आश्रय पुरोधा' पहुंचे। उन्होंने वहां बुजुर्गों के साथ दीपावली मनाई, उन्हें उपहार भेंट किए और त्योहार की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान उपायुक्त ने केंद्र के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय सुरेश एरी के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा लगाया गया पौधा आज विशाल वृक्ष बन चुका है, जिसका लाभ समाज को मिल रहा है। सुरेश एरी ने अपना जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित किया और उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

उपायुक्त ने केंद्र प्रबंधन से कहा कि यहां आने वाले हर बुजुर्ग को परिवार के सदस्य जैसा अपनापन और सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने बुजुर्गों की सुख-सुविधाओं और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र में ऐसा वातावरण हो, जहां उन्हें घर जैसा एहसास हो और बेहतर देखभाल मिल सके। इस अवसर पर केंद्र के कार्यकारी अध्यक्ष अमरीक सिंह, सचिव अश्वनी कलिआ, वित्त सचिव शम्मी जैन और विशन स्वरूप सहित अन्य उपस्थित रहे।

वेटरनरी विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सम्मेलन में प्राप्त किए प्रमुख सम्मान



लुधियाना, 07 नवंबर, (पैग़ाम-ऐ-जगत)

गुरु अंगद देव वेटरनरी एवं एनिमल साइंसेज विश्वविद्यालय, लुधियाना के वेटरनरी साइंस कॉलेज के पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग के शिक्षकों एवं स्नातकोतर विद्यार्थियों ने एसोसिएशन ऑफ मीट साइंटिस्ट्स एंड टेक्नोलॉजिस्ट्स के 8वें सम्मेलन में अनेक प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। ये सम्मान महाराष्ट्र के परभणी में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किए गए। सम्मेलन का विषय था- 'सतत एवं नवाचारपूर्ण स्वाद्य एवं मांस प्रणालियां: विकसित भारत के लिए सुरक्षा एवं पोषण के प्रति वन हेल्थ (एक स्वास्थ्य) दृष्टिकोण।

डॉ. राजेश वी. वाघ को मांस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के लिए उनके उल्लेखनीय योगदान के फलस्वरूप चेन्नई स्थित एसोसिएशन ऑफ मीट साइंटिस्ट्स एंड टेक्नोलॉजिस्ट्स की प्रतिष्ठित फैलोशिप से सम्मानित किया गया।

डॉ. वाघ के मार्गदर्शन में शोध कार्य कर रहे स्नातकोतर विद्यार्थी डॉ. ऋषिकेश पाटिल को उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए 'सर्वश्रेष्ठ एम.वी.एससी. थीसिस पुरस्कार 'प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, रवनीत कौर, ऋषिकेश पाटिल और दीपिका जमादार ने 'सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति एवं पोस्टर प्रस्तुति 'के पुरस्कार प्राप्त किए। ये उपलब्धियां उनके शोध कार्य की उच्च गुणवत्ता को दर्शाती हैं।

डॉ. राजेश वाघ ने अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित 'स्मार्टबायोपैक' परियोजना के अंतर्गत किए गए अपने शोध कार्य के लिए भी 'सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार' प्राप्त किया। इस शोध में उनके सह-लेखक डॉ. हुसनदीप सिंह और डॉ. अपूर्वा शेखर थे। यह परियोजना पशुधन उत्पादों के लिए नवीन, टिकाऊ एवं स्मार्ट पैकेजिंग समाधान विकसित करने पर केंद्रित है, ताकि उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख डॉ. नितिन मेहता ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी तथा उनकी वैज्ञानिक उपलब्धियों और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान में विभाग के योगदान को रेखांकित किया।

पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए विश्वविद्यालय के उप-कुलपति डॉ. जतिंदर पाल सिंह गिल ने उनकी उपलब्धियों की सराहना की तथा राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की अकादमिक एवं अनुसंधान संबंधी प्रतिष्ठा को सुदृढ़ करने में उनके योगदान की प्रशंसा की। वेटरनरी साइंस कॉलेज के डीन डॉ. स्वर्ण सिंह रंधावा ने शोधकर्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए खाद्य पैकेजिंग एवं पशुधन उत्पादों की गुणवत्ता से जुड़ी उभरती चुनौतियों के समाधान के लिए नवाचारपूर्ण एवं व्यावहारिक अनुसंधान के महत्व पर बल दिया।

सुंदरनगर के एससी समुदाय से जुड़े मुद्दों पर आयोग से मिला प्रतिनिधिमंडल

ऊना, 7 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

अनुसूचित जाति समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात कर मंडी जिले के सुंदरनगर में बसे एससी समुदाय के एक वर्ग से जुड़े मुद्दे उनके समक्ष रखे।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इस वर्ग के कुछ परिवार कई दशक पहले पंजाब से आकर सुंदरनगर में बसे थे। ये परिवार लंबे समय से वहां रहकर कारोबार एवं अन्य कार्यों से जुड़े हैं। प्रतिनिधिमंडल ने इन परिवारों से जुड़े कुछ मामलों और मौजूदा परिस्थितियों से आयोग को अवगत करवाते हुए उनके हितों के



संबंध में अपनी बात रखी।

आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की बात गौर से सुनी। इस अवसर पर आयोग के सदस्य सचिव अधिवक्ता डॉ. विजय डोगरा भी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाए गए विषयों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस एससी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष जीवन कुमार, अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग संगठन के महासचिव एवं प्रदेश प्रवक्ता चमन राही, कांग्रेस एससी सेल ऊना के जिला अध्यक्ष बलराम माहे, कुटलैहड़ ब्लॉक अध्यक्ष गुरपाल कलसी तथा सुंदरनगर स्थित डॉ. आंबेडकर नगर से रेशमा महंत, पवन कुमार और चमन लाल शामिल रहे।

पेज एक का शेष

चीन सीमा के...

यह वायुसेना की भारी परिवहन क्षमता का अहम हिस्सा है। यह विमान करीब 45 टन तक का भार ले जाने में सक्षम है। इससे पहले भी इसका इस्तेमाल लद्दाख और पूर्वोत्तर के दुर्गम क्षेत्रों में टैंक, बख्तरबंद वाहन और भारी सैन्य उपकरण पहुंचाने के लिए किया जाता रहा है।

वायुसेना के आईएल-76 विमान नियमित रूप से लेह और थॉइस में रसद संबंधी उड़ानें भरते हैं। ये दोनों एयरफील्ड करीब 10 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित हैं। श्योक घाटी में स्थित थॉइस सियाचिन ग्लेशियर में तैनात सैनिकों को सहायता पहुंचाने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। न्योमा से सैनिकों और सैन्य साजो-सामान की आवाजाही होगी तेज

न्योमा एयरफील्ड लेह से करीब 180 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है। यहां भारी परिवहन विमानों के उतरने की सुविधा मिलने से उत्तरी सीमा पर सैनिकों, रसद और सैन्य उपकरणों की आवाजाही में लगने वाला समय काफी कम हो सकेगा। इससे जरूरत पड़ने पर सैनिकों की त्वरित तैनाती और सैन्य सहायता पहुंचाने की क्षमता भी बढ़ेगी।

लद्दाख में पक्के रनवे वाले अन्य एयरफील्ड लेह, थॉइस और कारगिल में हैं। इसके अलावा फुकचे और दौलत बेग ओल्डी में एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड भी हैं। करीब 16,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित दौलत बेग ओल्डी दुनिया की सबसे ऊंची हवाई पट्टी है।

2100 स्वदेशी ड्रोनों...

राम दरबार की आकृतियां देखकर गुजरात से अयोध्या आना सार्थक लगा। दीपोत्सव का यह अनुभव बहुत खास रहा। पिछले वर्ष 1,100 ड्रोन की तुलना में इस बार 2,100 ड्रोन ने प्रस्तुति दी। अयोध्यावासियों को यह अनुभव देने के लिए नौ नवंबर को भी विशेष ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा।

राम की पैड़ी और सरयू तट के घाटों पर शनिवार शाम एक साथ 30 लाख दीप प्रज्वलित हुए तो ऐसा लगा मानो धरती पर तारों का संसार उतर आया हो। दीपों से जगमगाते घाट, मंदिरों से उठते घंटों के स्वर और जय श्रीराम के उद्घोष ने पूरी रामनगरी को उत्सव के रंग में रंग दिया। इस बार भले ही विश्व रिकॉर्ड नहीं बना, लेकिन अयोध्या ने पिछले वर्ष 26.17 लाख दीप प्रज्वलित करने के अपने ही रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। 2100 ड्रोन के जरिये आसमान में उकेरी गई आकृतियों, लेजर शो और प्रोजेक्शन मैपिंग ने त्रेतायुग की स्मृतियों को जीवंत कर दिया। ग्रीन आतिशबाजी ने आसमान में रंगों की छटा बिखेर दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी...

लोगों से सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने, दूसरों की मदद करने और समाज में दया व सद्भाव को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि त्योहारों का असली सार लोगों को करीब लाना और समाज में एकता की भावना को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री ने सभी से यह भी अपील की कि वे नए उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ देश के बेहतर भविष्य और 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में योगदान दें।

लॉरेंस बिश्नोई गैंग...

पिछले महीने दिल्ली पुलिस ने अभिनेता टाइगर श्रॉफ को निशाना बनाकर की गई फायरिंग के मामले में हथियारों की सप्लाई करने वाले नेटवर्क से भी हैरी बॉक्सर का संबंध बताया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के डीसीपी प्रवीण त्रिपाठी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए चार आरोपी रंदीप मलिक गैंग से जुड़े थे और अनिल पंडित के निर्देशों पर एन्क्रिप्टेड संचार माध्यमों और सोशल मीडिया के जरिए काम कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, अनिल पंडित और हैरी बॉक्सर दोनों रंदीप मलिक गैंग का हिस्सा हैं।

इससे पहले अप्रैल में कर्नाटक के कोलार में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक सदस्य की गिरफ्तारी के दौरान हरियाणा एसटीएफ ने रंगदारी की मांग और धमकी भरे वीडियो के मामले में भी हैरी बॉक्सर का लिंक सामने आने की जानकारी दी थी। जांच में पता चला था कि उत्तर प्रदेश के निर्मल तिवारी ने धमकी वाला वीडियो बनाया था। पूछताछ के बाद आनंद मिश्रा और राजस्थान के जयप्रकाश दारा को भी गिरफ्तार किया गया था।

मार्च में इंदौर के एक कारोबारी संजय को कथित तौर पर हैरी बॉक्सर के नाम से अंतरराष्ट्रीय कॉल और व्हाट्सऐप पर धमकी भरा वॉयस नोट मिला था। इसमें 15 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी और मांग पूरी न होने पर नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई थी। वहीं, फरवरी में मुंबई क्राइम ब्रांच ने अभिनेता रणवीर सिंह को धमकी देने और 20 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में हरिचंद्र उर्फ हैरी बॉक्सर के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया था। अमेरिका में हिरासत में लिए जाने के बाद भारतीय एजेंसियां उसे भारत लाने के लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर सकती हैं।

ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल...

ने बताया कि अमृतपाल सिंह और हरभजन सिंह एक दुकान पर काम खत्म करके मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। जब वे नथेहा गांव पहुंचे, तो वहां एक दुकान पर काम करने वाले बलविंदर सिंह-जिन्हें 'बोघा' के नाम से भी जाना जाता था-भी उनके साथ मोटरसाइकिल पर सवार हो गए। गांव पहुंचने से कुछ दूर पहले, उनकी मोटरसाइकिल सामने से आ रहे एक बड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई, जो फसल के अवशेषों (पराली) की गांठों से लदा हुआ था।

पूर्व टेक महिंद्रा...

पार्किंग जगह पर खड़ी थी। जब उन्होंने पड़ोसी से गाड़ी हटाने के लिए कहा, तो उसने उन पर गोलियां चला दीं। घटना के बाद आरोपी अपने परिवार के साथ वहां से भाग गया। धनखड़ के बेटे शौर्य ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और वहां से खाली कारतूस बरामद किए। इसके बाद पूरे इलाके को सील कर दिया गया।

धनखड़ का परिवार सेक्टर 21सी की बिल्डिंग नंबर 641 की पहली मंजिल पर रहता है, जबकि आरोपी का परिवार तीसरी मंजिल पर रहता है। सूरजकुंड पुलिस स्टेशन के एसएचओ प्रहलाद ने बताया कि चार-पांच दिन पहले भी दोनों परिवारों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसमें मोनू और शौर्य के बीच बहस हुई थी। उन्होंने बताया कि उस समय मामला सुलझा लिया गया था। शौर्य की शिकायत पर मोनू उर्फ ??मोहन, उसकी पत्नी दिव्या, बेटे मयंक, बेटी नैना और भाई हेतराम के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। धनखड़ के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया गया है। सिंगापुर में रहने वाले धनखड़ 5 नवंबर को भारत आए थे। उन्हें 24 नवंबर को अपने भतीजे की शादी में शामिल होना था।

'ई-20 बन...

अनुसार, 14 में से 11 नमूनों में 20 प्रतिशत से ज़्यादा इथेनॉल पाया गया। आईओसीएल के एक नमूने में 31.2 प्रतिशत और एचपीसीएल के एक नमूने में 30.5 प्रतिशत इथेनॉल मिला। चाहे सरकारी कंपनी हो या प्राइवेट, सभी ने तय सीमा को पार कर दिया है।' उन्होंने चिंता जताई कि इथेनॉल की ज़्यादा मात्रा से गाड़ियों का माइलेज कम हो जाता है और मरम्मत का खर्च बढ़ जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती भी दी।

संपादक-दविंदर कुमार प्रिंटर, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकिंग लिमिटेड, प्लॉट 22 और 49 जीएफ, इंडस्ट्री एरिया, फेज-2 पंचकुला (हरियाणा) से प्रकाशित Title code : CHAMUL00914
Editor-Davinder Kumar printed at Impression Printing & Packaging Ltd.Plot 22 & 49GF, Industrial Area, Phase-2 Panchkula(Haryana)-134115

खालसा कॉलेज माहिलपुर में ज़ोनल युवक एवं विरासती मेले का यादगारी समापन

- मेज़बान कॉलेज भंगड़ा और गिद्दा में ज़ोनल चैंपियन बना
- ओवरऑल ट्रॉफी पर सरकारी कॉलेज होशियारपुर का कब्ज़ा
- इंटर ज़ोनल मेला भी 10 से 13 नवंबर तक खालसा कॉलेज माहिलपुर में संपन्न होगा









पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

श्री गुरु गोबिंद सिंह खालसा कॉलेज माहिलपुर में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के अधीन होशियारपुर (ज़ोन-5) के तहत आने वाले 30 कॉलेजों के विद्यार्थियों की विभिन्न सृजनात्मक, कलात्मक और विरासती गतिविधियों से संबंधित चार दिवसीय ज़ोनल युवक एवं विरासती मेला आज यादगार बनकर रहा। आज युवक मेले के अंतिम दिन गिद्दा, भंगड़ा, लोक संगीत, कविश्री, कली, वार सहित विरासती कलाओं के प्रदर्शनों में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण सिंह रौड़ी ने विभिन्न मुकाबलों में विजेता विद्यार्थियों को इनाम वितरित किए और आयोजकों को इस तरह के युवक मेले के सफल आयोजन की बधाई दी।

इस अवसर पर सिख एजुकेशनल काउंसिल के प्रधान संत साधू सिंह कहारपुर, मैनेजर इंद्रजीत सिंह भारटा, सचिव प्रो. अपिंदर सिंह माहिलपुरी, खज़ांची वीरइंदर शर्मा, गुरदयाल सिंह कहारपुर सहित काउंसिल के अन्य सदस्य, प्रिंसिपल डॉ. परविंदर सिंह और इलाके की शिक्षा, धर्म एवं समाजसेवा क्षेत्र की हस्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर लोक नृत्य गिद्दा और भंगड़ा की प्रस्तुतियों को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी।

लोक नृत्य गिद्दा के मुकाबले में खालसा कॉलेज माहिलपुर ने पहला, खालसा कॉलेज गढ़शंकर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सरकारी कॉलेज होशियारपुर और एसपीएन कॉलेज मुकेरियां की टीम ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। लोक नृत्य भंगड़ा में श्री गुरु गोबिंद सिंह खालसा कॉलेज माहिलपुर ने पहला, सरकारी कॉलेज होशियारपुर ने दूसरा और एसपीएन कॉलेज मुकेरियां ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह युवक मेले के चार दिनों की समग्र उपलब्धियों के आधार पर सबसे अधिक अंक हासिल करके सरकारी कॉलेज होशियारपुर ने ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया, जबकि दूसरा स्थान दशमेश गर्ल्स कॉलेज चक्क अल्ला बख्श, मुकेरियां और तीसरा स्थान मेज़बान कॉलेज खालसा कॉलेज माहिलपुर को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. परविंदर सिंह ने इस युवक मेले के शानदार आयोजन के लिए पंजाब यूनिवर्सिटी के युवक कल्याण विभाग और कॉलेज की प्रबंधकीय समिति का विशेष धन्यवाद किया। उन्होंने विजेता टीमों को बधाई दी और इन टीमों को 10 नवंबर से 13 नवंबर तक इसी कॉलेज में हो रहे इंटर ज़ोनल युवक एवं विरासती मेले में भरपूर भागीदारी का न्योता दिया। इस अवसर पर विभिन्न कॉलेजों के कंटिंजेंट इंचार्जों सहित विभिन्न क्षेत्रों में नाम कमाने वाली हस्तियों का विशेष सम्मान किया गया। युवक मेले के दौरान जसवीर बेगमपुरी और सुखविंदर सिंह द्वारा लगाई पुस्तकों की विक्रय प्रदर्शनी में साहित्य पाठकों ने भरपूर खरीदारी की। इस अवसर पर खान-पान के शुद्ध स्वायती पदार्थों के लगे स्टॉलों के प्रति भी दर्शकों का उत्साह बरकरार रहा। युवक मेले के प्रबंधकीय सचिव डॉ. विक्रांत राणा ने मेले के सफल आयोजन के लिए टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सीनेट सदस्य डॉ. जगतार सिंह, प्रिंसिपल सविता गुप्ता, प्रिंसिपल अमनदीप कौर, अरविंदर सिंह हवेली, एडवोकेट चरनजीत सिंह चन्नी ओएसडी, प्रिंसिपल राजविंदर कौर, गुरविंदर कैंडोवाल, सुखदेव नडालों सहित अनेक हस्तियां उपस्थित थीं। मंच का संचालन डॉ. जे. बी. सेखों, डॉ. देव कुमार, डॉ. दीपक और डॉ. बलवीर कौर ने किया।

विधायक ज़िम्पा ने मानवता मंदिर स्कूल पहुंचकर बच्चों, अध्यापकों व कर्मचारियों के साथ मनाई दीपावली की खुशियां



पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

- बच्चों को दिया आशीर्वाद, अध्यापकों और कर्मचारियों के समर्पण एवं सेवाभाव की सराहना कर दी दीपावली की शुभकामनाएं

विधायक ब्रम शंकर ज़िम्पा ने मानवता मंदिर स्कूल का दौरा कर स्कूल के बच्चों, अध्यापकों एवं संस्था के कर्मचारियों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर उन्होंने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान विधायक ने स्कूल के बच्चों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनसे बातचीत कर उनकी पढ़ाई, रुचियों एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाते हुए मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके बेहतर पालन-पोषण, शिक्षा तथा सर्वांगीण विकास के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को मिलकर प्रयास करने चाहिए।

विधायक ब्रम शंकर ज़िम्पा ने स्कूल के अध्यापकों और संस्था के कर्मचारियों से भी बातचीत की तथा उनके द्वारा निभाई जा रही जिम्मेदारियों और सेवाभाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। वहीं, विशेष संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों का समर्पण, मेहनत और मानवीय दृष्टिकोण बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने में अहम योगदान देता है।

उन्होंने सभी अध्यापकों एवं कर्मचारियों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए बधाई देते हुए कहा कि समाज के प्रति उनकी सेवाएं प्रशंसनीय हैं। उन्होंने कामना की कि दीपावली का पर्व सभी के जीवन में खुशियां, नई उमंग और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आए।

एडमोंटन में बलविंदर सिंह बाठ की याद में अखंड पाठ का भोग, अंतिम अरदास एवं श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

पैग़ाम-ऐ-जगत
एडमोंटन (कनाडा)

बलविंदर सिंह बाठ, जो पिछले दिनों अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके इस दुनिया से विदा हो गए और गुरु चरणों में जा विराजे, उनकी आत्मिक शांति के लिए गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब, 6611, एडमोंटन में अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया। इसके उपरांत गुरबाणी कीर्तन हुआ और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलियां अर्पित की गईं।

उनके निधन से परिवार को अपूरणीय क्षति पहुंची है। वहीं, उनके सगे-संबंधियों, रिश्तेदारों, भाई-बहनों, मित्रों और उनसे स्नेह रखने वाले सभी लोगों को भी उनके एक हंसते-खेलते परिवार से इस तरह हमेशा के लिए बिछुड़ जाने का गहरा दुख है।

विशेष बात यह रही कि इस दिन बलविंदर सिंह बाठ का जन्मदिन भी था। इस अवसर पर केक काटकर उन्हें याद किया गया और प्रेम एवं सम्मान के साथ सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



विशेष रूप से उनके पोते-पोतियों को बहुत बड़ी क्षति हुई है। पोते-पोतियों के लिए दादा केवल परिवार के बड़े सदस्य ही नहीं होते, बल्कि एक खिलौने जैसे साथी, सच्चे मित्र और भगवान के समान निःस्वार्थ प्रेम एवं स्नेह का प्रतीक होते हैं। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने उनके जीवन, व्यक्तित्व और जीवनशैली पर अपने विचार साझा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों में विशेष रूप से साहित्यकार सुरजीत कौर, उनके प्रिय पोते गुरमन सिंह बाठ, पोती जसकिरन कौर तथा अन्य मित्र एवं शुभचिंतक शामिल थे। इस अवसर पर गुरु का लंगर अटूट रूप से वितरित किया गया।

पी.ए.यू. कृषि विज्ञान केंद्र, बाहोवाल, होशियारपुर में 'सब्जियों की सुरक्षित खेती एवं नर्सरी उत्पादन' पर पांच दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर 10 नवंबर से शुरू होगा

होशियारपुर, (पैग़ाम-ऐ-जगत)

पी.ए.यू. कृषि विज्ञान केंद्र, बाहोवाल, नजदीक माहिलपुर, होशियारपुर द्वारा किसानों को सहायक व्यवसायों के लिए प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में 'सब्जियों की सुरक्षित खेती एवं नर्सरी उत्पादन' विषय पर पांच दिवसीय व्यावसायिक कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर 10 से 17 नवंबर, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।

इस संबंध में डॉ. मनिंदर सिंह बस्सू, सहायक निदेशक (प्रशिक्षण), कृषि विज्ञान केंद्र, बाहोवाल, होशियारपुर ने बताया कि इस कौशल विकास शिविर का उद्देश्य किसानों एवं किसान महिलाओं को विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण देना है, ताकि वे स्वरोजगार या सहायक व्यवसाय अपनाकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकें।



डॉ. बस्सू ने बताया कि इस शिविर के दौरान सब्जियों की सुरक्षित खेती एवं नर्सरी उत्पादन से संबंधित नवीनतम तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, जैसे कि सब्जियों की खेती, पौध तैयार करने के लिए नर्सरी बनाना तथा नर्सरी में सब्जियों की खेती करना। प्रतिभागियों को इन तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यह शिविर पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। किसान 10 नवंबर, 2026 को अपनी सुविधानुसार सुबह 10 बजे से कृषि विज्ञान केंद्र, बाहोवाल में पहुंचकर इस शिविर में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए फोन नंबर 99881 81540 पर संपर्क किया जा सकता है।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक नागपुर की मासिक बैठक आयोजित

पेंशनरों की पांच प्रमुख मांगों को शीघ्र पूरा करे सरकार : संघ पदाधिकारी

/रतिया, 7 नवंबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा, ब्लॉक नागपुर मुख्यालय हड़ौली की मासिक बैठक जगजीत सिंह जोहल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन ब्लॉक सचिव राजकुमार हड़ौली ने किया, जबकि जिला प्रधान भोला सिंह नागपुर ने विशेष रूप से भाग लिया।

- 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में पेंशनर करेंगे विशाल प्रदर्शन



बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सभी पेंशनभोगियों से अपील की कि वे अपना जीवित प्रमाण पत्र (लाइफ सर्टिफिकेट) 20 नवंबर से पहले जमा करवाना सुनिश्चित करें, ताकि नवंबर माह की पेंशन जारी होने में किसी प्रकार की परेशानी न आए। जिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के कारण कार्यालय पहुंचने में कठिनाई हो रही है, वे ब्लॉक प्रधान एवं सचिव से संपर्क करें, ताकि उनका जीवित प्रमाण पत्र जमा करवाने की व्यवस्था की जा सके। बैठक में आठवें वेतन आयोग की रिपोर्ट दिसंबर से मार्च के बीच प्रस्तुत किए जाने की संभावनाओं सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सरकार के समक्ष पांच प्रमुख मांगें रखते हुए उन्हें शीघ्र लागू करने की मांग की गई। संघ की प्रमुख मांगों में 60, 65 और 75 वर्ष की आयु पूरी होने पर पेंशन में क्रमशः 5-5 प्रतिशत की वृद्धि करना, कोरोना काल के दौरान रोके गए 18 माह के महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत के बकाया एरियर का भुगतान करना, निजी अस्पतालों में बिना किसी शर्त के कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करना, बस, रेलवे एवं हवाई यात्रा में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 50 प्रतिशत किराये की छूट प्रदान करना तथा वर्तमान मेडिकल भत्ते को 1,000 रुपये से बढ़ाकर 3,500 रुपये प्रतिमाह करना शामिल है।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय सरकारी सेवाओं में लगाकर समाज और देश के विकास में योगदान दिया है। इसलिए बुढ़ापे में उन्हें सम्मानजनक जीवन, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध करवाना सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार को पेंशनरों की जायज मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए इन्हें समय रहते लागू करना चाहिए। संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को अनदेखा किया तो 12 दिसंबर 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले विशाल प्रदर्शन में प्रदेशभर के सेवानिवृत्त कर्मचारी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि पेंशनरों की आवाज को बुलंद करते हुए सरकार तक अपनी मांगें पहुंचाई जाएंगी तथा आगामी चुनावों में भी सरकार को इसका राजनीतिक परिणाम भुगतना पड़ सकता है। बैठक के अंत में सभी देशवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं और आपसी एकता एवं संगठन की मजबूती बनाए

आंदोलनकारी अतिथि अध्यापक मनाएंगे काली दिवाली

पैग़ाम-ऐ-जगत
रतिया, 7 नवंबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

- 15 नवंबर को मॉक पार्लियामेंट व मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय का घेराव, नकारात्मक स्पीकिंग ऑर्डर की प्रतियां जलाकर जताएंगे विरोध, कुरुक्षेत्र धरने के 147वें दिन होगा राज्य स्तरीय प्रदर्शन



राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ के आह्वान पर कुरुक्षेत्र लघु सचिवालय के सामने अदालतों के आदेशानुसार 2014 की तीन वर्षीय नियमितीकरण नीति के तहत नियमित करने की मांग को लेकर चल रहा धरना आज 136वें दिन भी जारी रहा। इसी आंदोलन के तहत कंबोज धर्मशाला, ब्लॉक रतिया, जिला फतेहाबाद में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आंदोलन की आगामी रणनीति घोषित की गई। अतिथि अध्यापक 8 नवंबर को काली दिवाली मनाएंगे तथा 15 नवंबर को कुरुक्षेत्र लघु सचिवालय के सामने मॉक पार्लियामेंट का आयोजन कर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय तक प्रदर्शन एवं घेराव करेंगे। इस दौरान शिक्षा विभाग द्वारा जारी नकारात्मक स्पीकिंग ऑर्डर की प्रतियां जलाकर सरकार की हठधर्मिता के खिलाफ विरोध दर्ज करवाया जाएगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ष्ट ह भारती ने कहा कि अतिथि अध्यापक पिछले 21 वर्षों से सरकारी स्कूलों में शिक्षण कार्य करते हुए शिक्षा व्यवस्था को संभाल रहे हैं, लेकिन सरकार उन्हें नियमित करने की बजाय लगातार अस्थायी व्यवस्था में बनाए रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि 8 नवंबर को प्रदेशभर के अतिथि अध्यापक काली दिवाली मनाकर सरकार के अन्यायपूर्ण रवैये के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करवाएंगे। 15 नवंबर को मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण, न्यायिक फैसलों और सरकार की जवाबदेही से जुड़े सवालों को सार्वजनिक मंच पर उठाया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

मॉक पार्लियामेंट में शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों, विभिन्न विभागों के कर्मचारी नेताओं, अभिभावक संगठनों, एसएमसी, संयुक्त किसान मोर्चा, विद्यार्थियों एवं युवाओं के संगठनों, हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति, अधिवक्ता यूनियन, लेखक संघ, विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों, जन संघर्ष मंच कुरुक्षेत्र तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया जाएगा।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के महासचिव कृष्ण नैन ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा जारी नकारात्मक स्पीकिंग ऑर्डर सरासर गलत, मनमाने और न्यायिक आदेशों की भावना के विपरीत हैं। 16 एवं 18 जून 2014 की तीन वर्षीय नियमितीकरण नीति की सेवा शर्तों में विभाग द्वारा स्पीकिंग ऑर्डर में दर्शाई गई शर्तों का कोई उल्लेख नहीं है। हरियाणा सरकार ने स्वयं 16 एवं 18 जून 2014 को अधिसूचना जारी करके नियमितीकरण की नीति बनाई थी और सरकारी स्कूलों में कार्यरत अतिथि अध्यापक उस नीति की सभी शर्तें पूरी करते हैं।

उन्होंने कहा कि कॉलेज कैडर में कार्यरत अतिथि प्रोफेसरों को जून 2014 में नियमित किया जा चुका है, जबकि समान परिस्थितियों में कार्यरत स्कूल कैडर के अतिथि अध्यापकों को नियमितीकरण से वंचित रखा जा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2014 की नीति को वैध ठहराने तथा उच्च न्यायालय द्वारा नियमितीकरण पर विचार करने के निर्देश दिए जाने के बावजूद शिक्षा विभाग ने नकारात्मक स्पीकिंग ऑर्डर जारी कर अतिथि अध्यापकों के दावों को खारिज कर दिया। यह सरकार की कर्मचारी विरोधी नीति और प्रशासनिक हठधर्मिता का उदाहरण है। कृष्ण नैन ने कहा कि अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के मदन सिंह मामले के फैसले तथा उच्च न्यायालय के सुखविंदर सिंह मामले में आदेश के बाद नियमितीकरण का रास्ता स्पष्ट हो चुका है।

पी.एल.जिंदल कान्वेंट स्कूल में दीपावली के शुभ अवसर पर दो दिवसीय 'दीपावली मेला' का आयोजन

पैग़ाम-ऐ-जगत
रतिया, 7 नवंबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

पी.एल.जिंदल कान्वेंट स्कूल में दीपावली के शुभ अवसर पर दो दिवसीय मेला लगाया गया। कक्षा छठी से बारहवीं तक के बच्चों को संघर्षशील, जिम्मेदार व आत्मनिर्भर बनने का तरीका सिखाने के लिए स्कूल के सभी सदनों के द्वारा विभिन्न प्रकार के फूड स्टाल लगाए गए व बच्चों को मार्केटिंग व व्यापार करने से संबंधित दांव-पेच सिखाए। सभी सदनों के द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन किया गया।कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक 'कक्षा सजाओ ' व 'रंगोली सजाओ ' प्रतियोगिता करवाई गई। इस शुभ अवसर पर स्कूल प्रबंधक तरसेम जिंदल व मोहन जैन जी ने बच्चों व अध्यापकों को संबोधित करते हुए दीवाली के शुभ अवसर की बधाई दी व इस त्यौहार को प्रेम व शांति से मनाने का संदेश दिया।प्रिंसिपल मोना तनेजा द्वारा इस शुभ अवसर पर संदेश दिया गया कि अपने घर को साफ व पवित्र करने के साथ-साथ अपने मन को भी साफ व पवित्र बनाते हुए स्वार्थपरता से दूर होकर सबके साथ मिलजुल कर इस पवित्र त्यौहार को मनाए व पटाखे बजाते समय सावधानी बरते।



'पैगाम-ए-जगत' में प्रकाशित सामग्री और अन्य विवादों से संबंधित मामलों का निपटारा केवल मोहाली (चंडीगढ़) न्यायालय में ही किया जाएगा। यह आवश्यक नहीं है कि संपादक लेखकों की राय से सहमत हो। -संपादक, पैगाम-ए-जगत